आदर्श प्रश्न पत्र 2026–27
विषय : हिन्दी
कक्षा – ग्यारहवीं

निर्धारित समय – 03 घण्टे | अधिकतम अंक – 80

सामान्य निर्देशः–

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सुलेख का विशेष ध्यान रखें।
(ii) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न पत्र पर दशाई गई है, उत्तर पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।
(iii) प्रश्न संख्या 1 से 16 तक बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।

**निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। जिनमें से सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**(16 x 1 = 16)**

1. प्रेमचन्द ने किस पत्रिका का सम्पादन किया था ?
(क) सरस्वती (ख) शारदा (ग) इन्दू (घ) हंस

2. परसाई जी को किस रचना पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला ?
(क) दो नाक वाले लोग (ख) हंस्ते हैं रोते हैं
(ग) विकलांग श्रद्धा का दौर (घ) भूत के पाँव पीछे

3. किस काल को श्रृंगार काल, कला काल तथा अलंकृत काल के नाम से जाना जाता है।
(क) आदिकाल (ख) मध्यकाल (ग) रीतिकाल (घ) आधुनिक काल

4. हामिद की दादी का क्या नाम था ?
(क) सबीना (ख) सकीना (ग) अमीना (घ) रुबीना

5. दोपहर का भोजन कहानी के लेखक कौन है ?
(क) अमरकांत (ख) रांगेय राघव (ग) प्रेमचन्द (घ) मुक्तिबोध

6. चमेली ने गूंगे को कितने पैसे पर काम पर रखा था ?
(क) चार रुपए (ख) तीन रुपए (ग) सौ रुपए (घ) दो सौ रुपए

7. खानाबदोश कहानी का पात्र सुकिया क्या काम करता था ?
(क) खेत में मजदूी (ख) ऑफिस का काम
(ग) भट्टे पर ईट पाथने का काम (घ) साफ–सफाई का काम

8. भारतेन्दु हरिश्चनद ने हिन्दुस्तानी लोगों की तुलना किससे की है ?
(क) बैल की गाड़ी से (ख) रेल की गाड़ी से
(ग) घोड़े की गाड़ी से (घ) इनमें से कोई नहीं

9. 'कबीर' शब्द का अर्थ क्या है ?
(क) बहादुर (ख) महान् (ग) हॉथ के काम में वीर (घ) सिपाही

10. भारत सरकार ने महादेवी वर्मा को किस उपाधि से अलंकृत किया ?
(क) पद्मभूषण (ख) पद्मविभूषण (ग) साहित्य–भूषण (घ) काव्य–सम्राज्ञी

11. हिन्दी शब्द–कोश में शब्दों का क्रम कैसे रखा जाता है ?
(क) वर्णमाला क्रम में (ख) ध्वनि क्रम में
(ग) पहले संयुक्त ध्वनियाँ (घ) पहले सरल ध्वनियाँ

12. किस संचार माध्यम को अन्धों का रंगमंच कहा जाता है ?
(क) समाचार पत्र (ख) टी0वी0 (ग) रेडियो (घ) इंटरनेट

13. 'द डायरी ऑफ ए यंग गर्ल किसकी रचना है ?
(क) मिस शर्ली (ख) रोमिला सिंह (ग) ऐनी फ्रेंक (घ) आत्म कथा

14. सभी जनसंचार माध्यमों में से किसकी पहुँच सर्वाधिक आबादी तक है ?
(क) समाचार पत्र (ख) टी0वी0 (ग) रेडियो (घ) इंटरनेट

15. फ्लैश बैक तकनीक से क्या अभिप्राय है ?

(क) किसी वस्तु के पीछे प्रकाश फेंकना (ख) पीठ पद रोशन करना

(ग) वर्तमान से एकाएक अतीत की घटनाओं में जाना (घ) पीछे मुड़कर प्रकाश को खोजना

16. सही मिलान कीजिए

| | |
|---|---|
| 1. देव | (i) बादल को घिरते देखा है |
| 2. नागार्जुन | (ii) दरबार |
| 3. प्रेमचन्द | (iii) खानाबदोश |
| 4. ओम प्रकाश वाल्मीकि | (iv) ईदगाह |

(A) 1(i), 2(iii), 3(ii), 4(iv) (B) 1(ii), 2(i), 3(iv), 4(iii)

(C) 1(iii), 2(iv), 3(ii), 4(i) (D) 1(iv), 2(i), 3(iii), 4(ii)

17. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिएः **1+1+1+1+2= 6**

हिमाचल प्रदेश को लोग श्रद्धावश देवभूमि के नाम से भी पुकारते हैं। यह हिमालय पर्वत की श्रंखलाओं के बीच भारत के उत्तर –पश्चिमी कोने में स्थित है। इसके उत्तर में जम्मू व कश्मीर, दक्षिण पर्व में उत्तराखण्ड, दक्षिण में हरियाणा और पश्चिम में पंजाब है। पर्व में इसकी सीमा तिब्बत से मिली हुई है। इसका गठन 15 अप्रैल 1948 को पंजाब राज्य की लगभग 30 पहाड़ी रियासतों को मिलाकर एक केन्द्रशासित प्रदेश के रुप में किया गया।

हिमाचल का अर्थ है, हिम के आँचल में बसा हुआ प्रदेश। अक्टूबर, 1966 तक हिमाचल प्रदेश में केवल छः पहाड़ी जिले थे– महासू, मण्डी, चम्बा, सिरमौर, बिलासपुर और किन्नौर। किन्तु अभी तक इसको पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त नहीं था। स्व0 डॉ0 यशवंत सिंह परमार के नेतृत्व में हिमाचल को पूर्ण राज्य का देर्जा देने के लिए शान्तिपूर्ण संघर्ष चलाया गया। आखिर 25 जनवरी 1971 को हिमाचल को 10 जिलों में गठित किया गया तथा हिमाचल भारत के 18 वें राज्य के रुप में अस्तित्व में आया।

(i) हिमाचल प्रदेश को लोग श्रद्धा से किस नाम से पुकारते हैं?

(क) सेव भूमि (ख) देव भूमि (ग) हिम भूमि (घ) शिव भूमि

(ii) हिमाचल प्रदेश के उत्तर में कौन सा राज्य है?

(क) जम्मू व कश्मीर (ख) उत्तराखण्ड (ग) पंजाब (घ) हरियाणा

(iii) हिमाचल प्रदेश का गठन कब हुआ?

(क) 1947 (ख) 15 अप्रैल 1948 (ग) अक्तूबर 1966 (घ) 25 जनवरी 1971

(iv) हिमाचल को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने का संघर्ष किसने प्रारंभ किया?

(क) यशवंत सिंह परमार (ख) ठाकुर राम लाल

(ग) शांता कुमार (घ) प्रेम कुमार धूमल

**कथनः** हिमाचल शब्द का शाब्दिक अर्थ बर्फ के आँचल में बसा हुआ है।

**कारणः** 'हिम' का अर्थ बर्फ और अचल का अर्थ पहाड़ या गोदी होता है।

1. कथन और कारण दोनो सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
2. कथन और कारण दोनो सही है, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।
3. कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।
4. कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

18. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए किन्हीं प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $1\frac{1}{2} \times 3 = 6$

हम सागर के धवल हास हैं
जल के धूम, गगन की धूल,
अनिल फेन, उषा के पल्लव,
वारि वसन, वसधु के मूल,
नभ में अवनि, अवनि में अम्बर
सलील भस्म, मारुत के फूल
हम ही जल में थल, थल में जल

(i) पद्यांश का शीर्षक दीजिए।
(ii) जल के वस्त्र, पृथ्वी के मूल किसे कहा गया है?
(iii) कवि ने बादल को सलील भस्म और मारुत के फूल क्यों कहा है?
(vi) **कथनः** कवि ने बादलों को 'सागर के ध्वल हास' (सफेद मुस्कान) कहा है।
**कारणः** बादल सागर के जल से ही वाष्पित होकर बनते है और आकाश में सफेद रंग के दिखाई देते हैं।
1. कथन और कारण दोनो सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है।
2. कथन और कारण दोनो सही है, लेकिन कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं करता है।
3. कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।
4. कथन गलत है, लेकिन कारण सही है।

19. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। **4**

(क) मेरा प्रिय कवि (ख) योग का महत्त्व (ग) राष्ट्र भाषा हिन्दी
(घ) नारी शिक्षा का महत्त्व (ड) विद्यार्थी और राजनीति

20. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को चरित्र प्रमाण–पत्र लेने के लिए आवेदन–पत्र लिखिए। **4**

(अथवा)

नशों से होने वाले दुष्प्रभावों को स्पष्ट करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

21. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **3 x 2 = 6**

1. जनसंचार क्या है? जनसंचार के कार्यो का संक्षेप में वर्णन करो।
2. पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डालिए।
3. डायरी लिखते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?
4. 'अनुस्मारक' या 'स्मरण–पत्र' किससे कहते हैं?
5. वर्तमान समय में पटकथा लिखने में कम्प्यूटर हमारी किस प्रकार सहायता कर सकता है?

22. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4**

साँसनि ही सौं समीर गयो अरु, आँसुन ही सब नीर गयो ढरि ?
तेज गयो सुन लै अपनो, अरु भूमि गई तन की तनुता करि ।।
'देव' जियै मिलिबेही की आस कि, आसहू पास अकास रह्यो भरि,
जा दिन तै मुख फेरि हरै हँसि, हेरि हियो जु लियो हरि जू हरि ।।

(अथवा)

तट पर बगुलों सी वृद्धाएं,
विधवाएं जप ध्यान में मगन,
मंधर धारा में बहता
जिनका अदृश्य गति अंतर रोदन।
दूर तमस रेखाओं–सी,
उड़ती पंखों की गति सी चित्रित
सोन खगों की पाँति
आर्द्र ध्वनि से नीरव नभ करती मुखरित

23. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **3 x 2 = 6**

(I) 'अन्न न भावै नींद न आवैं' का क्या कारण है? ऐसी स्थिति क्यों हो गई है?
(II) श्री दामा कष्ण से नाराज़ क्यों हैं?
(III) 'सपना' कवित्त का भाव सौन्दर्य लिखिए?
(IV) कवयित्री किस मोहपूर्ण बन्धन से मुक्त होकर मानव को जागृति का सन्देश दे रही है?
(V) मगध के माध्यम से 'हस्तक्षेप' कविता किस व्यवस्था

24. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यान से पढ़े और प्रश्नों के उत्तर दे : **1+1+1=3**

सूरदास सगुण भक्ति की 'कृष्णाश्रयी शाखा' के प्रमुख कवि हैं। वे वल्लभाचार्य के शिष्य है, उनके काव्य का मुख्य आधार श्री कष्ण की बाल–लीलाएं है, गोपी–कृष्ण प्रेम है। सूरसागर, सूरसारावली और साहित्य लहरी उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं। उन्हें मुख्य रुप से बाल मनोविज्ञान, वातसल्य रस और श्रृंगार रस का सम्राट माना जाता है।

(क) सूरदास की प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।
(ख) सूरदास के गुरु कौन थे?
(ग) सूरदास को किन रसों का सम्राट माना जाता है?

(अथवा)

निम्नलिखित में से किसी एक कवि की काव्यगत विशेषताएं लिखिए। **3**

(क) महादेवी वर्मा (ख) श्री कांत वर्मा (ग) कबीर

25. निम्नलिखित पठीत गद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **4+4 =8**

1. करुणा ने सब को घेर लिया। वह बोलने की कितनी जबरदस्त कोशिश करता है। लेकिन नतीजा कुछ नहीं, केवल कर्कश काँय– काँय का ढेर। अस्फुट ध्वनियों का वमन, जैसे आदिम मानव अभी भाषा बनाने में जी–जान से लड़ रहा हो।
2. सिद्धेश्वरी की समझ में नहीं आ रहा था कि क्या कहें। वह चाहती थी कि सभी चीजें ठीक से पूछ ले। सभी चीजें ठीक से जान ले और दुनिया की हर चीज पर पहले का तरह ध्ड़ल्ले से बात करे। पर उसकी हिम्मत नहीं होती थी। उसके दिल में न जाने कैसा भय समाया हुआ था।
3. जितने मुंह उतनी बातें, सब अपनी–अपनी अटकलें लगा रहे थे। रात में आँधी–तूफान भी नहीं आया था। न ही किसी जंगली जानवर का ही यह काम हो सकता है। कई लोगों का कहना था, किसी ने जान–बूझकर इटें तोड़ी हैं।

26. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर कीजिए : **3 x 2 = 6**

1. उन्हें क्या खबर कि चौधरी आज आँखें बदल लें, तो यह सारी ईद मुहर्रम हो जाए – इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।
2. कहानी 'दोपहर का भेजन' के सबसे जीवंत पात्र की दृढ़ता का उदाहरण सहित वर्णन करो।
3. यदि बसंता गूंगा होता तो आपकी दष्टि में चमेली का व्यवहार उसके प्रति कैसा होता?
4. स्त्री–समानता को प्रतिष्ठित करने के लिए ज्योतिबा फुले के अनुसार क्या–क्या होना चाहिए?
5. 'खानाबदोश' कहानी में आज के समाज की किन समस्याओं को रेखांकित किया गया है?

27. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपर्वक पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें। **1+1+1=3**

मुशी प्रेमचनद का जन्म 31 जुलाई 1880 को हुआ। उन्हें हिंदी और उर्दू साहित्य का उपन्यास सम्राट कहा जाता है। उन्होंने यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाकर आम जनमानस, किसानों और शोषितों की पीड़ा को अपनी रचनाओं के माध्यम से उजागर किया।

(क) मुंशी प्रेमचनद को साहित्य जगत में किस नाम या उपाधि से पुकारा जाता है?
(ख) प्रेमचनद ने अपनी रचनाओं में मुख्य रुप से किन वर्गो की समस्याओं को दर्शाया है?
(ग) प्रेमचनद के लेखन की मुख्य विशेषता क्या थी ?

(अथवा)

निम्नलिखित में से किसी एक गद्यकार की संक्षिप्त साहित्यिक विशेषताएं लिखिए। **3**

(क) अमरकान्त (ख) रांगेय राघव (ग) सुधा अरोड़ा

28. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **2 x 2 = 4**

1. 'लेखक जन्मजात कलाकार है' हुसैन की कहानी अपनी जुबानी–आत्मकथा में सबसे पहले यह कहाँ उद्घाटित होता है?
2. दुकान पर बैठे–बैठे भी मकबूल के भीतर का कलाकार उसके किन कार्यकलापों से अभिव्यक्त होता है?
3. पाठ में अनेक अंश बाल सुलभ चंचलताओं, शरारतों को बहुत रोचक ढंग से उजागर करते हैं। आपको कौन सा अंश अच्छा लगा और क्यों ?
4. क्या अभाव, अधूरापन मनुष्य के लिए प्रेरणादेयी हो सकता है।

29. मक्बूल के पिता के व्यक्तित्व की तुलना अपने पिता के व्यक्तित्व से कीजिए। **4**

(अथवा)

'आवारा मसीहा' पाठ के आधार पर शरत् के चरित्र की विशेषताएँ बताए।

Format of Design
Question Paper/Test

Subject : Hindi
Class : 10+1
Time : 03 hours
Marks : 80

*Weightage to objectives*

| Objective | Knowledge of language elements | Comprehension | Expression | Appreciation | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| Percentage of Marks | 12.5% | 38.75% | 41.25% | 7.5% | 100% |
| Marks | 10 | 31 | 33 | 06 | 80 |

*Weightage to form of question:*

| Form of Questions | E/LA | SA | VSA | Q (MCQ) | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| No.of Questions | 07 | 06 | - | 16 | 29 |
| Marks allotted | 36 | 28 | - | 16 | 80 |
| Estimated time | 90 min | 60 min | - | 30 min | 180 min<br>03 hours |

*Weightage to Major Content Areas:*

| S.No. | Units/Sub-Units | Marks |
|---|---|---|
| 1 | बहुविकल्पीय प्रश्न | 16 |
| 2 | अपठित गद्यांश, पद्यांश | 12 |
| 3 | रचनात्मक लेखन(निबन्ध, पत्र, अभिव्यक्ति माध्यम) | 14 |
| 4 | पद्य(व्याख्या, प्र0उ0, कवि व केस स्टडी) | 13 |
| 5 | गद्य (व्याख्या, प्र0उ0, लेखन व केस स्टडी) | 25 |
| | Total | 80 |

Schemes of Sections
Patterns of option

| | | |
|---|---|---|
| Estimated Difficulty level: | Difficult | 25% |
| | Moderate | 40% |
| | Easy | 35% |

Index of Abbreviations:
(E/LA: Essay/Long Answer; SA: Short Answer; VSA: Very Short Answer; O: Objective)

BLUE PRINT

FORMAT OF BLUE PRINT(Language)

Subject: Hindi Class: 10+1

Unit/Paper: Elective Max.Marks: 80 Time: 3 hours

| S. No. | Objective → | Elements of Language | | | | Comprehension | | | | Expression | | | | Appreciation | | | | Total Row Wise |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Form of Questions | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | Content Unit Sub Unit | E | SA | VSA | O | E | SA | VSA | O | E | SA | VSA | O | E | SA | VSA | O | |
| 1 | बहुविकल्पीय प्रश्न | - | - | - | 10 | - | - | - | 5 | - | - | - | 1 | - | - | - | - | 16 |
| 2 | अपठित गद्यांश, पद्यांश | - | - | - | - | 6 | - | - | - | 6 | - | - | - | - | - | - | - | 12 |
| 3 | रचनात्मक लेखन (निबन्ध, पत्र, अभिव्यक्ति माध्यम) | - | - | - | - | - | 2+2 | - | - | 4+4 | 2 | - | - | - | - | - | - | 14 |
| 4 | पद्य(व्याख्या, प्र0उ0, कवि व केस स्टडी) | - | - | - | - | 4 | 2+2 | - | - | - | 2 | - | - | - | 3 | - | - | 13 |
| 5 | गद्य (व्याख्या, प्र0उ0, लेखन व केस स्टडी) | - | - | - | - | - | 2+2<br>2+2 | - | - | 4+4+4 | 2 | - | - | - | 3 | - | - | 25 |
| | Sub Total | - | - | - | 10 | 10 | 16 | - | 05 | 26 | 06 | - | 01 | - | 06 | - | - | QS(Marks) |
| | Total Column → Wise | 10 (Marks Total) | | | | 31 (Marks Total) | | | | 33 (Marks Total) | | | | 06 (Marks Total) | | | | 80 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Summary: | Essay(E) | No. | 02 | Marks | 12 |
| | Short Answer(SA) | No. | 11 | Marks | 52 |
| | Very Short Answer(VSA) | No. | 00 | Marks | 00 |
| | Objective (O) | No. | 16 | Marks | 16 |